दैनिक भास्कर
पंजाब का इकलौता आज़ाद सोच वाला अखबार

# बठिंडा भास्कर

बठिंडा, बुधवार 10 जनवरी, 2018 माघ, कृष्ण पक्ष नवमी, 2074

## मौसम

| तापमान | दिन | रात |
|---|---|---|
| बठिंडा | 23.9 | 09.0 |
| बीते कल से घट/बढ़ | (+1.0) | (+0.0) |
| मोगा | 21.0 | 04.0 |
| फिरोजपुर | 22.0 | 05.0 |

पूर्वानुमानः आने वाले चौबीस घंटों के दौरान धुंध पड़ने के आसार हैं।

सूर्योदय कल प्रातः 07:26 | सूर्यास्त आज सायं: 05:44

“ सभी मनुष्य अपने स्वयं के दोष की वजह से दुखी होते हैं, और वे खुद अपनी गलती सुधार कर प्रसन्न हो सकते हैं. “
- भगवान महावीर

**बठिंडा सिटी**

पप्पू के घर उसका विदेशी दोस्त आया और दरवाजे पर नीबू मिर्ची लटके देख चकराया और पूछाः ये क्या है?
पप्पू: ये एंटी वायरस है।

## शहर में आज

### जननी सेहत पखवाड़ा

भागू रोड गली नंबर 15 स्थित न्यू सिटी अस्पताल में 9 से 24 जनवरी तक रोज सुबह 9:30 से दोपहर 2:30 बजे तक।

## काम की खबरें

### आज बिजली बंद रहेगी

**बठिंडा|** बिजली सप्लाई की मरम्मत के लिए 11केवी फीडर 10 जनवरी को बंद रहेगा। इसके चलते घोड़ा चौक, फौजी चौक, मैहना चौक, अजीत रोड गली नंबर 26/7, 10, 30 ए, 24ए, 6/2, 6/3, गुरु तेग बहादुर नगर, गली नंबर 6, पटवारियों वाली गली, पावर हाऊस रोड के साथ आसपास के एरिया की बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी एक्सईएन गगनदीप सिंगला ने दी है।

## खबरें फटाफट

### मकर संक्रांति पर श्रीराम चरित मानस 13 को

**बठिंडा|** मकर संक्रांति पर अनाज मंडी के श्री सत्यनारायण मंदिर में श्री रामचरित मानस का पाठ कराया जाएगा। मंदिर के संचालक पंडित अश्विनी शुक्ला ने बताया कि 13 जनवरी को सुबह 8.15 बजे पूरे विधि-विधान के साथ श्री रामचरित मानस का पाठ प्रारंभ होगा जबकि निरंतर 24 घंटे के दिन-रात के पाठ के उपरांत 14 जनवरी को सुबह 11.30 बजे श्री रामचरित मानस संपूर्ण होगा।

### रामपुरा की पटियाला मंडी की बिजली आज रहेगी बंद

**रामपुरा फूल|** 66 केवी रामपुरा के 11 केवी टाउन फीडर की जरूरी मरम्मत के चलते बिजली बंद रहेगी। इस संबंधी एसडीओ बिजली बोर्ड हर्ष कुमार ने बताया कि आर ए पी, डीआरपी कंपनी की तरफ से लाइन टाउन को बड़ा करने के लिए शहर की पटियाला मंडी की बिजली सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान कलगीधर कालोनी, गांधी नगर, बाल्मीकि बस्ती, बस स्टैंड बाजार आदि क्षेत्र प्रभावित होंगे।

### ‘11वीं लोहड़ी धीयां दी’ मेला आज

**बठिंडा|** सुरक्षा हेल्पर की ओर से बठिंडा विकास मंच के सहयोग से 11 वीं लोहड़ी धीयां दी का आयोजन 10 जनवरी को सुबह 10 से 1 बजे तक भाई वीर सिंह पब्लिक स्कूल धोबियाना बस्ती गली नंबर 9 में किया जाएगा। शाम कुमार शर्मा चेयरमैन व संदीप गर्ग प्रधान सुरक्षा हेल्पर ने बताया कि नवजन्मी कन्याओं के लिए लोहड़ी का आयोजन होगगा।

### प्री बोर्ड एग्जाम 15 जनवरी से

**बठिंडा|** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं-बारहवीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं 15 से 25 जनवरी तक कराई जाएंगी, एससीईआरटी ने पत्र के हवाले से पूर्व में 6 से 16 जनवरी तक के शेड्यूल में तब्दीली करके तारीख बढ़ा दी है।

**इलेक्ट्रिफिकेशन**
नरवाना से कटारसिंह वाला का सीआरएससी ने किया निरीक्षण

# मार्च के दूसरे सप्ताह बठिंडा से दौड़ने लगेंगी इलेक्ट्रिक ट्रेनें

**भास्कर संवाददाता | बठिंडा**

बठिंडा रेलवे स्टेशन से जल्द ही इलेक्ट्रिक ट्रेनें चलेंगी। फरवरी में दिल्ली रेल ट्रैक की इलेक्ट्रिफिकेशन पूरी होने पर मार्च के दूसरे हफ्ते तक बिजली वाली ट्रेन दौड़ेगी। मंगलवार को नरवाना से कटार सिंहवाला के इलेक्ट्रिफिकेशन का चीफ सेफ्टी रेलवे कमिश्नर (सीआरएससी) शैलेश कुमार पाठक ने निरीक्षण किया और प्रोजेक्ट पर संतोष जताया।

उन्होंने नारियल फोड़कर इलेक्ट्रिक इंजन का पूजन किया और सुरक्षित रेल सफर के लिए शुभकामना दी इस पर सभी ने तालियों के साथ इस प्रोजेक्ट के सिरे चढ़ने पर बधाई दी। इस दौरान दिल्ली रेल मंडल के डीआरएम आरएन सिंह व चीफ डायरेक्टर इलेक्ट्रिफिकेशन अजीत सिंह जंगू समेत अधिकारी भी मौजूद रहे। सीआरएससी शैलेश कुमार पाठक ने बताया कि रोहतक से बठिंडा तक 294 करोड़ रुपए के इलेक्ट्रिफिकेशन का प्रोजेक्ट फरवरी 2015 में शुरू किया था, जिसके 3 साल में मुकम्मल करने का टारगेट था। थर्ड फेज में बठिंडा व लहरा मुहब्बत तक का 30 किमी के रेलवे ट्रैक की इलेक्ट्रिफिकेशन फरवरी 2018 में पूरा होगी। स्पेशल ट्रेन से इलेक्ट्रिफिकेशन का नरवाना से लगभग 133 किमी इलेक्ट्रिफिकेशन प्रोजेक्ट की इंस्पेक्शन करते हुए चीफ सेफ्टी कमिश्नर देर शाम 7 बजे कटार सिंहवाला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मार्ग में आते माइसरखाना स्टेशन के पास बनाए ग्रिड समेत विभिन्न रेलवे स्टेशनों का भी मुआयना किया।

| यह है प्रोजेक्ट में | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रोहतक से बठिंडा तक 294 करोड़ खर्च | फरवरी 2015 में काम शुरू | फरवरी 2018 में होगा पूरा | ट्रेन की स्पीड में फर्क नहीं होगा | पर्यावरण प्रदूषण होगा कम | डीजल की खपत कम होने से रेलवे को भारी बचत होगी | एक्सलरेशन व डिसलरेशन एक मिनट में, झटके कम लगेंगे |


कटार सिंहवाला से नरवाना इलेक्ट्रिफिकेशन का ट्रायल लेती सीसीआरएस की टीम। भास्कर

### स्टेट गवर्नमेंट पहल के आधार पर देगी बिजली

इलेक्ट्रिक रेलगाड़ियों के संचालन के लिए प्रदेश सरकार रेलवे को पहल के आधार पर बिजली की सप्लाई देगी। केंद्र ने प्रदेश सरकार से समझौता किया है। बठिंडा रेलवे स्टेशन के 7 प्लेटफार्म पर खंभे लगाने के लिए पूरी तेजी से ड्राइंग के अनुसार खंभे लगाने की कंस्ट्रक्शन चल रही है जबकि रेलवे ट्रैक पर खंभे लगाए जा चुके हैं। मार्च के पहले सप्ताह में इंस्पेक्शन के बाद दिल्ली से बठिंडा तक इलेक्ट्रिक गाड़ियां दौड़ेंगी।

### मार्च में तीन प्रोजेक्ट्स की होगी सीएसआरसी

बठिंडा रेलवे स्टेशन पर मार्च में एक साथ तीन प्रोजेक्ट की सीएसआरसी होने की उम्मीद है। दिल्ली से बठिंडा डबल ट्रैक के साथ-साथ इलेक्ट्रिफिकेशन भी फरवरी तक मुकम्मल होगी। अत्याधुनिक फुट ओवरब्रिज भी मार्च तक कंपलीट होगा। तीनों प्लेटफार्म और इंक्वायरी साइड पर रैंप बनाने का काम तेजी से चल रहा है। डीएम कंस्ट्रक्शन भूषण गर्ग के मुताबिक दिल्ली डबल ट्रैक का काम मार्च तक पूरा करने का टारगेट है।

### स्टेशन सुपरिंटेंडेंट से मिले ग्रामीण

कटार सिंह वाला पर अफसरों के आने की भनक पाकर गुलाबगढ़ के लगभग 15 गणमान्य नागरिक भी पहुंचे, वे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव करवाने के लिए अफसरों से मिलना चाहते थे लेकिन स्टेशन सुपरिंटेंडेंट सीआर दहिया ने बताया कि अधिकारी तो इलेक्ट्रिफिकेशन का निरीक्षण करने आए हैं, उनके सामने ऐसे मुद्दे रखने का कोई फायदा नहीं।

**ज्योति मर्डर के**  सूरत पुलिस ने हत्यारोपी का रिमांड खत्म होने पर न्यायिक हिरासत में भेजा

# पिता बोले-उधार लिए ₹7 लाख देने को ले गया था फार्म हाउस, वहीं गला काटा

**चंदन ठाकुर | बठिंडा**

प्रितेश ने ज्योति पर दो करोड़ रुपए खर्च करने के जो आरोप लगाए हैं वह झूठे हैं। बल्कि उल्टा हमने प्रीतेश से 7 लाख रुपए लेने थे जो वह पत्थर का काम करने के लिए अक्टूबर में बठिंडा आकर लेकर गया था। उक्त सात लाख रुपए वापस देने के लिए ही प्रितेश ने ज्योति को सूरत के गांव टिंबा में अपने फार्म हाउस में बुलाया था। जहां पैसों के लेन-देन को लेकर हुई बहस के दौरान उसकी बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी।

यह बात ज्योति उर्फ निशा ज्योति (32) के पिता सुरजीत सिंह उर्फ फौजी और मां रूपा ने भास्कर से बातचीत करते हुए कहीं। पिता सुरजीत सिंह ने कहा कि उसके परिवार को प्रितेश और उसके साथियों से जानमाल का खतरा है। इसलिए उसने देश के प्रधानमंत्री, गुजरात के मुख्यमंत्री के अलावा सूरज के एसएसपी समेत 15 जगह पत्र भेजकर ज्योति मर्डर केस बठिंडा में ट्रांसफर करने की मांग उठाई है। मंगलवार को ज्योति की अंतिम अरदास थी। वहीं सूरत पुलिस ने हत्यारोपी प्रितेश को मंगलवार को रिमांड खत्म होने पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### दो करोड़ खर्च करने की बात झूठी, कोठी और होंडा सिटी पर चल रहा है लोन, केस हो बठिंडा ट्रांसफर


बेटी की तस्वीर देखकर मां रूपा और पिता सुरजीत भावुक हो गए, साथ में 6 साल की पोती एंजल जिसे अपनी मां के दुनिया से जाने का पता भी नहीं। फोटो-अश्वनी काका

### वारदात में इस्तेमाल हंसिया बरामद


गुजरात में इस हंसिये से केले काटे जाते हैं। प्रीतेश ने इससे ज्योति का सिर धड़ से अलग कर दिया।


वह कार जिसमें प्रीतेश भागा था।


आरोपी प्रीतेश को सूरत पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया।

### 6 साल की एंजल बोली-मम्मी रब्ब कोल जॉब करने गई

जालंधर के टांडा उड़मुड़ निवासी सुरजीत सिंह भारतीय सेना में थे। मगर वहां से रिटायरमेंट लेते ही करीब 25 साल पहले पत्नी रूपा रानी व परिवार समेत बठिंडा में आकर बस गए। उनकी चार बेटियों में ज्योति सबसे बड़ी थी। जो 15 साल से डांसर का काम कर रही थी। मार्च 2008 में उसकी शादी धूरी के अंकित उर्फ शैली के साथ हो गई। 6 साल साल पहले शैली की मौत हो गई। ज्योति की 6 साल की एक बेटी एंजल है। पूछने पर वह इतना कहती है मम्मी रब्ब कोल जॉब करण गऐ होए ने।

### बैंक से 10 लाख लोन देकर प्रीतेश दिए थे 7 लाख

ज्योति के पिता सुरजीत सिंह व मां रूपा ने बताया कि बेटी जब 9वीं कक्षा में पढ़ रही थी, तब से काम करने लग गई थी। कुछ साल पहले उसकी डांस बार में ही प्रीतेश पटेल नामक व्यक्ति से मुलाकात हुई। दोनों में नजदीकियां बढ़ गई। उसकी बेटी बार में प्रतिदिन 20-40 हजार रुपए कमाती थी। 25 अक्टूबर 2017 को प्रीतेश उनके के घर बल्ला राम नगर की गली नंबर 10/3 में आया था और उनसे कहने लगा कि उसने पत्थर का काम करना है, उसे 7 लाख रुपए चाहिए। उन्होंने कुछ समय पहले ही आईसीआईसीआई बैंक से 10 लाख रुपए का लोन करवाया था, जिसमें से 7 लाख रुपए प्रीतेश जल्द ही वापस करने का वायदा कर ले गया था। प्रीतेश ने उसकी बेटी को नए साल के कार्यक्रम के लिए बुलाया था और कहा था कि जो 7 लाख रुपए उधार लिए हैं, वे भी ले जाना। पीड़ित पिता सुरजीत सिंह के अनुसार प्रीतेश ने पुलिस के सामने कहा कि उसने ज्योति पर दो करोड़ रुपए खर्च किए और उसे गाड़ी दिलाई, उसका मकान बनवाया, वे जब बेबुनियाद हैं।

### ड्राइवर के बयानों पर दर्ज हुई एफआईआर

कामरेज पुलिस ने ज्योति के ड्राइवर संदीप सिंह के बयानों पर एफआईआर दर्ज की। संदीप के मुताबिक मैं, मेरी पत्नी निकिता और मेरी मालकिन ज्योति 26 दिसंबर को शाम के 7 बजे बठिंडा से सूरत के लिए रवाना हुए। 3 जनवरी 2018 रूम चेकआउट करने के बाद ज्योति ने प्रितेश से पैसे मांगे। प्रितेश ने पैसे न होने की बात कही। इसके बाद वह उसे खेत में ले गया, जिसे उसकी पत्नी ने देख लिया। बाद में ज्योति की लाश खेत से बरामद हुई।

रोजगार भवन के डीडीओ एडीसी की मीटिंग में गए

# कर्मियों से कह गए जब तक मैं नहीं आता, घर नहीं जाना

5 बजे गए अधिकारी अमरदीप रात 8 बजे लौटे


रात 7.55 बजे जब डीडीओ अमरदीप दफ्तर पहुंचे तो मीडिया को देखकर कर्मचारियों पर भड़क गए और कहने लगे कि इनको किसने बुलाया। भास्कर

**भास्कर संवाददाता | बठिंडा**

रोजगार भवन के डीडीओ आदेश पर मंगलवार को दफ्तर कर्मचारी लगभग 3 घंटे की देरी से घर जाना पड़ा। डीडीओ साहिब किसी मीटिंग में गए थे। मीटिंग में जाते समय साहब कर्मचारियों को ऑर्डर दिए गए जब तक वह आफिस नहीं आते कोई कर्मचारी घर नहीं जाएगा।

ऐसे में सभी कर्मचारी हाथ में हाथ धरे डीडीओ साहिब का इंतजार करने लगे जो करीब 8 बजे दफ्तर पहुंचे और तब जाकर कर्मचारियों को छुट्टी मिली। रोजगार दफ्तर में तैनात सीनियर सहायक परमजीत कौर ने कहा कि उनकी छुट्टी 5 बजे हो जाती है लेकिन पौने आठ बजे तक डीडीओ अमरदीप सिंह नहीं आए हैं उनके आने के बाद ही सभी घर जाएंगे। कर्मचारी नरिंदर सिंह ने बताया कि वह समय पर घर चले गए थे लेकिन दफ्तर से उन्हें दोबारा बुलाया गया है, उन्हें पता चला कि साहिब का आदेश है कि जब तक वह नहीं आते कोई कर्मचारी घर नहीं जाएगा। एक अन्य महिला कर्मचारी सर्बजीत कौर भी दफ्तर में अन्य कर्मचारियों के साथ ही बैठी रही। अन्य कर्मचारियों की तरह 15 कर्मचारी भी देर सांय तक डीडीओ अमरदीप का आने का इंतजार करते रहे। रात 7.55 पर डीडीओ अमरदीप सिंह दफ्तर पहुंचे। जब उनसे कर्मचारियों की ओर से लगाए गए आरोपों के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि वह 5 बजे से एक सरकारी मीटिंग में एडीसी के साथ शामिल थे। जिस कारण वह दफ्तर लेट पहुंचे।

# चोर कहने पर तू तू-मैं मैं, बीआरओ ने मारी गोली

गांव मौड़ खुर्द की घटना, चोर कहने पर बस्ती के लोगों ने जताया विरोध

**भास्कर संवाददाता | बठिंडा**

मौड़ मंडी के गांव मौड़ खुर्द के पास स्थित बस्ती के लोगों को वन विभाग के एक बेलदार की ओर से चोर कहने पर बस्ती के दो लोगों ने एतराज जताया। मामला बढ़ने पर बेलदार ने ब्लाक रेंज अफसर को मौके पर बुला लिया। यहां बात बढ़ने पर ब्लाक रेंज अफसर ने पिस्तौल से गोली चला दी, जिससे एक व्यक्ति जख्मी हो गया। पुलिस ने इस संबंध में वन रेंज अफसर समेत पांच लोगों के खिलाफ इरादा कत्ल का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी बेलदार को काबू कर लिया है। वहीं पुलिस ने गोली लगने से जख्म हुए दलजीत सिंह के खिलाफ भी मारपीट करने का क्रॉस केस दर्ज किया है। मौड़ मंडी पुलिस को दिए बयान में दलजीत सिंह वासी मौड़ खुर्द ने बताया कि 6 जनवरी को गांव के सूए के पास वन विभाग का बेलदार पंजाब सिंह ड्यूटी दे रहा था। इस दौरान पंजाब सिंह उनकी बस्ती के कुलविंदर सिंह को कहा कि इनकी बस्ती में सब चोर हैं। इस बात को लेकर पंजाब सिंह व कुलविंदर सिंह के बीच तू-तू-मैं-मैं हो गई। जैसे ही इस बात का पता उसे चला तो पंजाब सिंह ने अपने ब्लाक रेंज अफसर स्वर्ण सिंह को और दरोगा भूषण कुमार को भी मौके पर बुला लिया। दलजीत सिंह ने अनुसार जब मामला बढ़ा तो स्वर्ण सिंह ने अपने पिस्तौल से गोली चला दी जो उसके बाजू में लगी। मामले की जानकारी मिलते ही मौड़ मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने पंजाब सिंह को गिरफ्तार कर लिया जबकि स्वर्ण सिंह व दरोगा भूषण मौके से फरार हो गए।

मामले की जांच कर रहे एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि आरोपियों वन विभाग के बेलदार पंजाब सिंह, ब्लाक रेंज अफसर स्वर्ण सिंह, दरोगा भूषण कुमार समेत दो अज्ञात लोगों पर इरादा कत्ल और असला एक्ट के केस दर्ज कर लिया है।

### केंद्रीय जेल में टीबी से कैदी फौजी की मौत

**बठिंडा |** केंद्रीय जेल में एक कैदी फौजी की मौत हो गई। जेल पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों के आने के बाद ही लाश का पोस्टमार्टम किया जाएगा। जेल के सहायक सुपरिंटेंडेंट गुरमेल सिंह ने बताया कि यूपी के जिला बांदा निवासी राजवंत सिंह बठिंडा कैंट में तैनात था। फौजी पर कैंट में ही एक बच्चे के साथ छेड़छाड़ करने का केस दर्ज हुआ था। इस केस में फौजी को 6 साल की सुनाए जाने पर सेना अधिकारियों ने 16 सितंबर 2017 को केंद्रीय जेल के सुपुर्द कर दिया था। सहायक जेल सुपरिंटेंडेंट ने बताया कि राजवंत सिंह टीबी से पीड़ित था।

### सरकार ने सुनवाई नहीं की, मुलाजिमों ने मिनी सचिवालय घेरा


**बठिंडा|** मिनी सचिवालय के बाहर थर्मल मुलाजिमों के पक्का मोर्चा के दौरान सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की। मंगलवार दोपहर कर्मचारियों ने मिनी सचिवालय का घेराव कर 2 घंटे गेट पर जाम लगाए बैठे रहे। फोटो एसएस सोनू

## अंदर पढ़ें


थर्मल प्लांट को बंद करने के विरोध में इंजीनियरों ने निकाली रैली (पेज | 04)

## हमें बताएं

अगर आपकी सरकारी दफ्तरों में सुनवाई नहीं हो रही तो हम बनेंगे आपकी आवाज। हमें इस नंबर पर बताएं अपनी समस्या।
98552-85033
haridutt08@gmail.com

**टेक्नोलॉजी** नया सॉफ्टवेयर सारथी 4.0 से पूरे देश की गाड़ियों की डिटेल जुटा रहे, 1 जनवरी के बाद नहीं हुआ कोई रजिस्ट्रेशन


# सॉफ्टवेयर अपग्रेड नहीं, रुकी वीआईपी नंबरों की नीलामी

**साहिल गर्ग | बठिंडा**

नए साल की शुरुआत में मनपसंद नंबर लगी गाड़ी खरीदने वालों का इस बार शौक पूरा नहीं हो पा रहा है। नई गाड़ियों की आरसी के लिए शुरू किए जा रहे सॉफ्टवेयर सारथी 4.0 के अपग्रेड होने के कारण दिसंबर में नई सीरीज वाले वीआईपी नंबरों की बोली नहीं हो पाई। इसी सॉफ्टवेयर में गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन होनी है। अब बिना नंबर लगी गाड़ी सड़क पर नहीं चलाई जा सकती है और नई सीरीज का वीआईपी नंबर मिलेगा नहीं। ऐसे में शौकीनों को गाड़ी बाद में खरीदने या साधारण नंबर से काम चलाना होगा।

### एनआईसी का है सॉफ्टवेयर

अब आगे गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन का सारा काम सारथी 4.0 में होना है, जो केंद्रीय एजेंसी एनआईसी का सॉफ्टवेयर है। इसके जरिए पूरे देश की गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन की डिटेल्स एक ही सॉफ्टवेयर में जुटाई जा रही है ताकि, गाड़ी के बारे में जानकारी लेने या कहीं दूसरी जगह रजिस्ट्रेशन के वक्त आसानी से इसके बारे में पता लगाया जा सके। बठिंडा के अलावा कई जिलों में यह साफ्टवेयर अभी शुरू नहीं हो सका है।


वाहन-4 सॉफ्टवेयर, बठिंडा मे लांच किया जाना है।

### सिस्टम अपग्रेड होने का इंतजार

आरसी बनाने के लिए सेंट्रल सॉफ्टवेयर लागू किया जा रहा है। बठिंडा में भी यही साफ्टवेयर लागू होगा। जैसे ही सिस्टम अपग्रेड होगा, तुरंत बाद वीआईपी नंबरों की नीलामी शुरू हो जाएगी।
**उदयदीप सिंह सिद्धू, सेक्रेटरी, आरटीए**

### हर महीने 50 से अधिक नंबरों की बोली

ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा हर महीने नई सीरीज के 50 से अधिक नंबरों की बोली की जाती है। जो ऑनलाइन जारी की जाती है पिछले करीब चार महीनों से वीआईपी नंबरों की आन लाईन बोली महीने में चार बार होती रही है। महीने के शुरूआत के साथ पहले दिन से सातवें दिन तक लगातार बोली होती थी और इसमें एक दिन की ब्रेक के बाद फिर अगले सात दिन बोली चलती थी। लेकिन दिसंबर में भी कोई बोली नहीं हो सकी। इसके बाद से वीआईपी नंबरों के बोलीदाता इंतजार कर रहे हैं। चूंकि बोली अब ऑनलाइन होती है, ऐसे में मैनुअल अलॉटमेंट नहीं की जा सकती। यही कारण है कि खासकर, नए साल में गाड़ी खरीदने वालों को इससे परेशानी हो रही है। हालांकि ट्रांसपोर्ट विभाग के पास पिछली सीरीज के कुछ एक वीआईपी नंबर बकाया जरूर हैं। लेकिन इनमें शौकीनों के मनपसंद नंबर मिल पाएंगे, कहा नहीं जा सकता।

# जल्द अमीर बनने के चक्कर में बनाया वाहन चोर गिरोह, दो काबू

**बठिंडा|** कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो सदस्यों से चोरी के तीन बाइक बरामद किए। पुलिस जांच में पता चला कि पकड़े गए आरोपी गरीब परिवार से संबंधित हैं और जल्द अमीर बनने के चक्कर में गिरोह बना लिया। पुलिस को उनके तीसरे साथी की तलाश है। जांच कर रहे एएसआई सुखजिंदर सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान सुरखपीर रोड निवासी हनी तथा परसराम नगर निवासी करण सिंह के रूप में हुई। परसराम नगर निवासी सुरिंदर सिंह की पुलिस को तलाश है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को मंगलवार अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने सोमवार को कचहरी के बाहर नाकाबंदी के दौरान दोनों को उस समय काबू किया गया, जब वे चोरी के बाइक पर आ रहे थे। उनकी निशानदेही पर थर्मल नहर रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में छिपा कर खड़े किए दो और बाइक बरामद किए गए। बरामद बाइक गिरोह ने कचहरी और संतपुरा रोड से चोरी किए थे। एएसआई सुखजिंदर सिंह ने बताया कि 3 जनवरी को जनता नगर निवासी मोनू कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि विशाल नगर में खड़ा उसका मोटरसाइकिल चोरी हो गया।